## तीन जिलों में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए 67.55 करोड़ मंजूर : सम्राट चौधरी

# सुविधा : राजेन्द्र पथ के चौड़ीकरण पर खर्च होंगे 20.11 करोड़ रुपये

**तैयारी**

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार में तीन जिलों की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण पर 67.55 करोड़ रुपये खर्च की मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बताया कि पटना के राजेंद्र पथ के चौड़ीकरण पर 20.11 करोड़ रुपये, दरभंगा में ननौरा-मोहम्मदपुर पथ के चौड़ीकरण पर 25.55 करोड़ रुपये और मुंगेर शहर को एनएच-80 से जोड़ने वाली सड़क के चौड़ीकरण पर 21.89 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

उन्होंने बताया कि राजेंद्र पथ के साथ ज्ञान गंगा, पेपर मिल, बुद्ध मूर्ति, विजय चौक, कांग्रेस मैदान, पीरमुहानी सहित अन्य पथों का सुदृढ़ीकरण करने की यह योजना नई राजधानी पथ प्रमंडल के अंतर्गत प्रशासी विभाग की ओर से तैयार की गई है। पटना जैसे घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में प्रभावी यातायात नेटवर्क सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

वहीं, उन्होंने बताया कि दरभंगा के ननौरा-मोहम्मदपुर पथ के चौड़ीकरण की परियोजना वर्ष 2025-26 के लिए मंजूर की गई है। इसके तहत कुल 6.84 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुंगेर शहर में चुआबाग से एनएच-80 तक के मार्ग के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा। इस सड़क विकास योजना से मुंगेर में चुआबाग, खनकाह रहमानी उर्दू कॉलेज, तेल गोदाम (मकससपुर), कासीमबाजार थाने से होकर एनएच-80 (हसनगंज बजरंगबली चौक) तक जाने वाली सड़क की कायाकल्प होगी।



- ननौरा-मोहम्मदपुर पथ के लिए 25.55 करोड़ मंजूर
- मुंगेर शहर को एनएच-80 से जोड़ने वाली सड़क पर 21.89 करोड़ खर्च होंगे
- ज्ञान गंगा, पेपर मिल, बुद्ध मूर्ति, विजय चौक, कांग्रेस मैदान पथ का होगा सुदृढ़ीकरण

## मिथिला हाट के विस्तार को 23 करोड़ मिले

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मधुबनी के झंझारपुर में मिथिला हाट विस्तार के लिए अब 24.8 एकड़ की जगह 38.515 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा। इसके लिए 14.95 करोड़ की जगह 23.22 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। रविवार को उन्होंने बताया कि झंझारपुर अंचल के मौजा अररिया संग्राम में मिथिला हाट के विस्तार एवं संबंधित कार्यों के लिए पूर्व में प्रस्तावित 24.80 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए ₹14 करोड़ 95 लाख 35 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति को रद्द किया गया है। अब पुनरीक्षित रूप से 38.515 एकड़ भूमि के लिए 23 करोड़ 22 लाख 25 हजार 905 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले से मिथिला हाट के बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा।